अर्हताकारी परीक्षा की मूल अंकसूची/मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र चरित्र प्रमाण-पत्र/माइग्रेशन प्रमाण-पत्र के अभाव में वचन-पत्र

प्रति,
कुलसचिव
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल

विषय :- अर्हताकारी परीक्षा की मूल अंकसूची/ मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र/चरित्र प्रमाण-पत्र/माइग्रेशन प्रमाण-पत्र के अभाव में वचन-पत्र प्रस्तुत करने बाबत्।

महोदय,
विषयान्तर्गत निवेदन है कि मुझे आपके विश्वविद्यालय में ....पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में मेरे ऑनलाइन आवेदन के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट के माध्यम से सीट आवंटित की गई है। मैं यह घोषणा करता हूं कि -

1. इस पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित अर्हताकारी परीक्षा के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम अभी घोषित नहीं हुआ है।
2. मुझे अर्हताकारी परीक्षा की मूल अंक सूची अभी प्राप्त नहीं हुई है। मैं इंटरनेट से प्राप्त अंक सूची संलग्न कर रहा/रही हूं। मैं वचन देता/देती हूं कि दिनांक 20 जुलाई 2023 तक अपनी अंकसूची विश्वविद्यालय में प्रस्तुत कर दूंगा/दूंगी।
3. मुझे अपने पूर्व विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से आज दिनांक तक प्रवेश हेतु आवश्यक मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, माइग्रेशन प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। मैं वचन देता/देती हूं कि दिनांक 20 जुलाई 2023 तक यह सभी मूल दस्तावेज विश्वविद्यालय में प्रस्तुत कर दूंगा/दूंगी। उक्त तिथि तक अंकसूची, मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, माइग्रेशन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर विश्वविद्यालय द्वारा मेरे प्रवेश निरस्त किये जाने की जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
4. मैं यह जानता हूं कि इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हताकारी परीक्षा में मुझे कुछ न्यूनतम प्राप्तांकों की आवश्यकता है। अभी अर्हताकारी परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित नहीं हुआ है। यदि इस परीक्षा परिणाम में मेरे प्राप्तांक आवश्यक अंकों से कम होते हैं तो मेरा प्रवेश इस पाठ्यक्रम से निरस्त कर दिया जाएगा तथा नियमानुसार मेरे द्वारा जमा की गई फीस में से कटौती कर शेष राशि यदि कोई हो तो वापिस कर दी जाएगी।
5. मैं, यह भी घोषणा करता/करती हूं कि मैंने ऑनलाइन आवेदन तथा यहां प्रस्तुत किए गए आवेदन में जो भी जानकारी प्रस्तुत की है वह पूर्णत: सत्य है। यदि भविष्य में यह जानकारी गलत पायी जाती है तो मेरा प्रवेश इस पाठ्यक्रम से निरस्त कर दिया जाए।

दिनांक .....

भवदीय

हस्ताक्षर .....

नाम:.....

पिता/पति का नाम : .....

पता: .....

.....

दूरभाष, मोबाईल नं. .....